डॉ० रामविलास चौधरी प्रणीतम्

# अद्भुतपाणिग्रहणम्

[ हिन्दी अनुवादयुतम् संस्कृत व्याख्या सहितम् ]

व्याख्यात्री
श्रीमती ध्रुवकुमारी चौधरी

सुधांशु प्रकाशनम्

# अद्भुतपाणिग्रहणम्

प्रणेता

**डा० रामविलास चौधरी**

साहित्यवेदान्तधर्मशास्त्राचार्यः, साहित्यरत्न, एम०ए०, बी०एड०, एल०एल०बी०,
विद्यावारिधि (पीएच० डी०), (लब्धानेकस्वर्णपदकः)।
संस्कृतविभागाध्यक्षः, बिहार नेशनल कॉलेज, पटना।
(पटना विश्वविद्यालयस्य)

व्याख्यात्री

**ध्रुवकुमारी चौधरी**

साहित्याचार्य, एम० ए० द्वय (संस्कृत-हिन्दी), एम०एड०,
अध्यापिका, डी० बी० आर० के० जालान इण्टर स्कूल, पटनासिटी-९

**सुधांशु प्रकाशनम्**

**पटना**

सुधांशु प्रकाशन
ध्रुवविलास सदनम्
गुलबीघाट, महेन्द्रू
पटना—८००००६



मूल्य रु० १६-००

पुस्तक प्राप्ति स्थान
मोतीलाल बनारसीदास
प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता
अशोक राजपथ, पटना-४

श्री सुधांशु शेखर, सुधांशु प्रकाशन, ध्रुवविलास सदनम्, गुलबीघाट, महेन्द्रू, पटना-६ द्वारा प्रकाशित तथा चन्द्रोदय प्रेस, पटना-४ द्वारा मुद्रित।

# पुरोवाक्

गजाननं निजपितरौ रामेश्वरीशीतलचतुर्धरिणौ ।
रामकरणशर्माख्यान् तान् गुरून् नित्यं नमामि च ॥

विशाले-संस्कृत-काव्य-जगति बहुसंख्यकानि रूपकाणि सहृदयानां मनांसि रञ्जयन्ति । ऐतिहासिकदृष्ट्या नवमशताब्द्या (कविराजराजशेखराद्) अनन्तरं काव्यस्यान्यक्षेत्रमिव नाट्यसाहित्यमपि ह्रासपथमुपजगाम । यद्यपि कालान्तरेऽपि शक्तिभद्रजयदेवप्रभृतिभिः कविभिः नाटकानि प्रणीतानि किन्तु न तत्र तादृशी प्रमोदवाहिनी नाट्यशैली चित्तचमत्कृतिश्चानुभूयते सामाजिकैः । तेषां संख्यापि नातिभूयसी । स्वातन्त्र्योत्तरे भारते यद्यपि संस्कृतशिक्षाह्रासक्रमो न निरुद्धस्तथापि केन्द्रीयसर्वकारतः प्रोत्साहनम्प्राप्य संस्कृतसेवापरायणा विद्वांसः साहित्यनिर्माणे रूचिपराः सन्तो महाकाव्यशैल्यां बहूनि चरितकाव्यानि श्रीदेवीचरित-सुरथचरित-गाँधिचरित-नेहरूचरित-सुभाष-चरितादीनिं निर्माय सुरभारती-भाण्डारं संवर्द्धयामासुः । तत्रापि नाटकानामल्पीयसी संख्या दरीदृश्यते ।

आधुनिक-समालोचकानाम्मतानुसारं साहित्ये समकालीना समस्या स्थितिश्च चित्रिता भवेदित्यपेक्ष्यते । सामाजिक-समस्यामभिलक्ष्य सम्प्रति काव्यानि रच्यन्ते । यद्यप्येवंविधानि समस्यामूलकानि काव्यानि नोत्तमकोटिकानि गण्यन्ते किन्तु सामाजिक समस्य मुपेक्ष्य नेदानीं सफलं ग्राह्यं लोकाकर्षकञ्च काव्यं कर्तुं शक्यते । एतदद्भुतपाणिग्रहणाख्यं नाटकमस्यामेव दिशि कश्चन प्रयासो नूतनः ।

समाजे विविधकारणैः पुरूषस्य प्राधान्यं प्राचीनकालादेव परिलक्ष्यते । यद्यपि स्त्रीः [illegible]

सम्बोध्यते किन्तु प्रारम्भिके जीवने सा पितुश्चिन्तायाः हेतुर्भवति। तेनैव प्रोक्त केनापि चिन्तकेन—

**"जननसमये बहुप्रवादिका सम्प्रदानसमयेऽर्थहारिका।**
**यौवनेऽपि बहुदोषकारिका दारिका हृदयदारिका पितुः॥"**

पुत्र्या उत्पत्तिकाले परिजनाः पुरजानाश्च विषण्णाः भवन्ति। अनेकासु पुत्रीषु जातासु निजं भाग्यं दूषयन्ति जनाः। तत्र चिन्तायाः प्रधानं कारणं भवति पुत्र्या विवाहकाले जायमानं कष्टम्। योग्यवरान्वेषणे गच्छति कालो महान्। महता कष्टेन कालेन च प्राप्तेऽपि योग्यवरे वरस्य पितुरभिभावकस्य वा स्वीकृतिर्न भवति सरला। बहुप्रयासेन लब्धायां तत्स्वीकृत्यां यौतुकं भवति प्रबलं बाधकम्। प्रचुरयौतुके च दत्तेऽपि पुत्र्याः श्वसुरालये जनाः पुनः किं किं वस्तु याचिष्यन्ते कथं सन्तुष्टा भविष्यन्ति केनोपायेन पुत्रीम्प्रति समुचितं व्यवहारं करिष्यन्तीति चिन्ता कन्यायाः पितुर्मातुश्च हृदये सदा विराजते। अतः सत्यमेवोक्तम्—

**"पुत्रीति जाता महतीह चिन्ता कस्मै प्रदेयेति महान् वितर्कः।**
**दत्ता सुखं प्राप्स्यति वा न वेति कन्यापितृत्वं खलु नाम कष्टम्॥"**

कन्याविवाहे जटिलतां कठिनताञ्च शिथिलयितुं प्रेमविवाहस्यान्तर्जातीय-विवाहस्य च प्रचलनमङ्गीकरणञ्च विचारका वाञ्छितोपायरूपेणाधिमन्यन्ते। आशायामस्यामेवेदं कृतिकुसुमं ससङ्कोचमुपायनीक्रियते वितते संस्कृतकाव्य-कानने। यथा ज्ञायते यत्कमलवकुलमालतीयूथिकामल्लिकाप्रसूनैरेव न काननं स्वकीयांसुषमां पुष्यति किन्तु करवीरकरीलादीनि कटुकुसुमान्यपि तच्छोभावृद्धय एव भवन्ति। एवमेव कालिदास-भवभूति—प्रभृतीनां ललितगम्भीराणि भाव-पूर्णानि च नाटकानि पाठं पाठं दर्शं दर्शं च सहृदयसामाजिका मधुरस्वाद-परिवर्तनार्थमीदृशमल्पकलेवरं लघु भावयुतमपरिपक्ववर्ण्यविन्यासञ्च काव्यं पठितुं द्रष्टुञ्च प्रवृत्ता भविष्यन्तीत्याशासे। यतो हि पद्मरागं धारयन्तो गुणग्राहिणो जना न जातु विद्रुममुपेक्षन्ते।

किं बहुना, कस्मिंश्चिदपि वस्तुनि विषये वा गुणदोषाधिगमे द्रष्टुः दृष्टिरेव भवति प्रमाणम्। तस्य दृष्टिश्चेद्गुणान्वेषिणी सकले हि विषये स गुणमधि-

गच्छत्येव। रुचिश्चेद् दोषदर्शिका गुणान्वितेऽपि विषये स दोषान् अन्विष्यत्येव। तत्रापि दोषदर्शकानां संख्यातिभूयसी गुणग्राहिणाञ्चाल्पीयसी। यथोक्तं भर्तृहरिणा—

**मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा-**
**स्त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभिः प्रीणयन्तः।**
**परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं।**
**निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः॥**

तेन गुणान्वेषिणां सतां नित्यं क्षमाशीलतया दोषैकदृशामसतां छिद्रान्वेषण-परतया क्षमाप्रार्थनामन्तरैव समापयामि स्वामिमां पुरोवाचम्। यैः विद्वद्भिः सुहृद्भिश्चैतन्नाटकरचनासन्दर्भे प्रकाशनमार्गे च निजसम्मत्या सहयोगः कृतस्तान् सकलान्प्रति (नामोल्लेखनं विनैव) कृतज्ञतां विज्ञापयामीति।

विदुषां विधेयः
रामविलास चौधरी

महाशिवरात्रिः
सम्वत २०४६

# संक्षिप्तकथासारः

अद्भुतपाणिग्रहणस्य नायकः सोमदत्तो ब्राह्मणकुलोत्पन्न आदर्शवादी प्रगतिशीलो रमणीयाकृतिश्च युवा विद्यते। विद्याधनोऽयं प्रत्यहं पुस्तकालयं गत्वाधीते। तस्य वर्गेऽधीयाना श्यामा अनुसूचितजातीया महाधना च भूत्वापि तम्प्रत्यनुरज्यते।

श्यामाया एका सखी सुनयना स्वल्पविभव-ब्राह्मणस्य ब्रह्मदत्तस्य पुत्री वर्तते। पितुः सेवापरायण सा अध्ययनेऽपि श्रमते। धनसम्पन्नः श्वपचजातीयश्च छात्रः कान्तिरामस्तां प्रीणाति। एकदा श्यामया साकं गृहमागतं कान्तिरामं विलोक्य ब्रह्मदत्तस्तस्य गुणैः प्रसन्नः प्रभावितश्च जायते। श्यामा तान् सर्वान् निजजन्मोत्सवसमारोहे निमन्त्रयति।

श्यामाया जन्मदिवसे तस्याः पिता राजदत्तः समागतातिथीनां मनोविनोदाय मधुरं गीतं गातुं सोमदत्तं निवेदयति। सोमदत्तस्तत्र श्यामायाः सहभागितामपेक्षते। पितुराज्ञया श्यामा सोमदत्तेन समं गायति गानम्। तयोः भावपूर्णमधुरगानेन जातेषु सकलेषु प्रमुदितेषु राजदत्तः यथेष्टं वस्तु याचितुं सोमदत्तं प्रेरयति। अनुकूलमवसरं विज्ञाय सोमदत्तः श्यामामेव सङ्गिनीरूपे प्राप्नोति। कान्तिरामस्याभिलाषं ज्ञात्वा श्यामासोमदत्ताभ्यां प्रार्थितो ब्रह्मदतः सुनयना-कान्तिरामयोः पाणिग्रहणमनुमोदते। भरतवाक्येन नाटकं सम्पूर्णतां याति।

# अवतारणा

अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः ।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ।।

मानव मन को सद्यः विमुग्ध कर लेने वाले विषयों में कला का स्थान सर्वोपरि है। कलाकार की मानसिक अभिव्यक्ति की मूर्त परिणति ही कला है। यह प्रकृति की अनुकृति है। इसका वर्गीकरण दो रूपों में किया गया है—ललित कला एवम् उपयोगी कला। ललित कला का मूल आधार सौन्दर्य का निखार है तो उपयोगी कला लोकोपयोगिता मूलक है। ललित कला को पाँच भागों में विभक्त किया गया है—वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीतकला, और काव्यकला। इनमें जो (कला) जिस (कला) के बाद उल्लिखित है वह उस (कला) से श्रेष्ठतर मानी गयी है। फलतः इनमें काव्यकला की महत्ता सर्वाधिक है।

काव्य के प्रधान तत्त्व या आत्मा के विषय में विवेचन करने वाले आचार्यों की एक लम्बी परम्परा है जो छः सम्प्रदायों में विभक्त है। ये सम्प्रदाय हैं—रस, अलंकार, रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि और औचित्य। अलंकार-शास्त्र के आदिम आचार्य भरत ने अपनी रचना 'नाट्यशास्त्र' में रस को काव्य (नाटक) में प्रधान तत्त्व के रूप में स्वीकार किया है। यद्यपि उनकी यह मान्यता नाटक या दृश्यकाव्य के सन्दर्भ में थी, किन्तु परवर्ती आचार्यों ने श्रव्य काव्य में भी रस की स्थिति प्रधान रूप में स्वीकृत की जिससे 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' का उद्घोष उभयविध काव्य के लिये प्रतिफलित हुआ।

काव्य में इसकी प्रधानता प्राचीन काल से ही अंगीकृत होती रही है। अग्निपुराण में भी कहा गया है—

"वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम् ।"

अर्थात् वाणी के चातुर्य की प्रधानता होने पर भी काव्य में जीवन भूत रस ही है। व्यक्ति-विवेककार महिम भट्ट भी मानते हैं कि काव्य के आत्म-भूत सङ्गी (स्थायी) रसादिक हैं, इसमें तो किसी को विवाद ही नहीं—

**काव्यस्यात्मनि सङ्गिनि रसादिरूपे न कस्यचिद्विमतिः)।**

आचार्य मम्मट भी 'ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः'—इस कारिका के द्वारा रस को काव्य का अङ्गी मानते हैं।

काव्य (नाटक) में रस का प्राधान्य प्रतिपादित करते हुए आचार्य भरत ने रस की निष्पत्ति के सन्दर्भ में कहा है—

**"विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः।"**

अर्थात् विभाव, अनु भाव और संचारी या व्यभिचारी के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। इस वाक्य में 'संयोग' और 'निष्पत्ति'—ये दोनों शब्द व्याख्या सापेक्ष हैं जिनका विवेचन अनेक आचार्यों ने किया है। यद्यपि इन व्याख्याकारों की रचना उपलब्ध नहीं है फिर भी परवर्ती आचार्यों द्वारा उनके मतों का जो उल्लेख किया गया है वे ही आधार भूत हैं। भरत सूत्र के प्रथम व्याख्याता हैं—भट्टलोल्लट। रस के विषय में ये उत्पत्तिवादी सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक हैं। इनके मत में सीता को देखकर राम के हृदय में एक मनोहर भाव अंकुरित होता है जो अनुकूल परिस्थितियों में पुष्ट होकर प्रेम का रूप धारण करता है। इससे राम और सीता के हृदंय में उत्पन्न आनन्द ही रस है। यह रस राम की अवस्थाओं के अनुकरण करने वाले नर में भी उत्पन्न होता है। इस रसोत्पत्ति में विभाव, अनु भाव तथा संचारी भाव सम्मिलित रूप से मिलकर कारण बनते हैं। स्थायी भाव को दर्शक के हृदय में अंकुरित करने का श्रेय विभाव को है।

इस मत में दर्शक तथा अभिनय में सम्बन्ध नहीं बताया गया है। रस यदि राम में या अनुकर्त्ता नट में उत्पन्न होता है तो दर्शकों का उससे क्या सम्बन्ध है। दर्शक को आनन्दोपलब्धि के बिना अभिनय देखने में व्यग्रता

क्यों होगी ? इन प्रश्नों का समुचित उत्तर नहीं मिल पाता। अतः भट्टलोल्लट का मत ग्राह्य नहीं हुआ।

रस सूत्र के दूसरे व्याख्याता शंकुक का मत अनुमतिवादी कहलाता है। ये रस को अनुमान का विषय मानते हैं। इनके अनुसार कुशल अभिनेता के स्वाभाविक एवं रोचक अभिनय को देखकर आनन्दमग्न दर्शक उस अभिनेता नट को राम से अभिन्न समझने लगते हैं। यह अभिन्नता 'चित्रतुरग' न्याय के ऊपर आश्रित होती है। जैसे चित्र में चित्रित तुरग वास्तविक तुरग से भिन्न होने पर भी उसी की प्रतिकृति होने से भौतिक तुरग से अभिन्न माना जाता है, उसी प्रकार राम की भूमिका निभाने वाला नट भी राम से भिन्न-भिन्न सम्बन्ध रखता है अतः राम में उत्पन्न रस को अनुमान के द्वारा अभिनय पटु नट में भी आरोपित किया जाता है। दर्शक समुदाय इस रस को अनुमान के द्वारा ग्रहण करता है और आनन्द उठाता है। यहाँ 'संयोगात्' का अर्थ है 'गम्यगमक भावात्' और 'निष्पत्ति' का अर्थ है—अनुमिति।

इस मत में अनुमान से आनन्दप्राप्ति बतायी गयी है जो अनुभवगम्य नहीं है, फिर नट के द्वारा प्रदर्शित तथा उस (नट) में अनुमित रस दर्शकों के लिये उपकारी नहीं हो सकता है।

रस के तीसरे व्याख्याता भट्ट नायक भुक्तिवादी आचार्य हैं। रस व्याख्या में ये दर्शक की भूमिका को स्वीकार करते हैं। ये काव्य में तीन व्यापार मानते हैं—अभिधा, भावकत्व और भोजकत्व। अभिधा के द्वारा शब्द का अर्थ ज्ञात होता है। भावकत्व व्यापार के द्वारा नाटकों में अभिनीत पात्र अपने ऐतिहासिक तथा व्यक्तिगत निर्देश का त्यागकर सामान्य व्यक्ति के रूप में ग्रहण किया जाता है। राम को वनवासी के रूप में न लेकर सामान्य रूप से एक शौर्यमण्डित नेता के रूप में लिया जाता है। इसे साधारणीकरण कहते हैं। भोजकत्व व्यापार के द्वारा दर्शक रस का भोग करता है तथा इस अवसर पर उसके हृदय में राजस तथा तामस भावों को दबाकर सात्त्विक भाव का ऐकान्तिक उदय हो जाता है। जिससे रस भुक्ति की दशा उत्पन्न होती है।

इस मत के अनुसार सूत्र में 'संयोग' का अर्थ है भोज्य-भोजक या भाव्य-भावक सम्बन्ध तथा 'निष्पत्ति' का अर्थ है भुक्ति। यह मत रस की मनोवैज्ञानिक व्याख्या के बहुत कुछ अनुकूल है। साधारणीकरण सिद्धान्त इनकी महत्त्वपूर्ण देन है।

इस मत में दो अतिरिक्त व्यापार—भावकत्व तथा भोजकत्व की कल्पना की गयी है जो निराधार तथा अनावश्यक है।

रस सिद्धान्त के चौथे व्याख्याता हैं, अभिनवगुप्त। ये अभिव्यक्तिवादी आचार्य हैं। इनके अनुसार सामाजिक गत स्थायिभाव ही रसानुभूति का निमित्त होता है। मूल मनःसंवेग अर्थात् वासना या संस्कार रूप में रति आदि स्थायिभाव सामाजिक की आत्मा में स्थित रहता है। वह साधारणीकृत रूप से उपस्थित विभावादि सामग्री से अभिव्यक्त या उद्बुद्ध हो जाता है और तन्मयी भाव के कारण वेद्यान्तर के सम्पर्क से शून्य ब्रह्मास्वाद के सदृश परमानन्द रूप में अनुभूत होता है। रस की अभिव्यक्ति के समय भी अनुभवकर्त्ता अपने आपको भी सामान्य रूप में ही ग्रहण करता है। अनुभव के समय वह समझता है कि जितने सहृदय हैं उनके हृदय में उस रस की अनुभूति समान रूप से होती है।

रस आनन्द स्वरूप है तथा अलौकिक है। लोक में जो वस्तुएँ भय या शोक उत्पन्न करती हैं, काव्य में वर्णित होने पर वे अलौकिक रूप धारण कर लेती हैं तथा आनन्द का उद्बोधन करती हैं।

यह रस परवर्ती आचार्यों के लिये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बन गया। अलंकार वादियों ने रसाभिव्यक्ति के लिये 'रसवत्' अलंकार की सत्ता स्वीकृत की।

ध्वनिवादी आचार्य आनन्दवर्धन भी काव्य की आत्मा—ध्वनि के तीन भेदों वस्तुध्वनि, अलंकार ध्वनि और रस ध्वनि में रसध्वनि को ही सर्वोत्कृष्ट बताते हैं। उनका स्पष्ट उद्घोष है—



'महाकवि का यह मुख्य व्यापार है कि वह रस, भाव को ही काव्य का

मुख्य अर्थ मानकर उन्हीं शब्दों तथा अर्थों की रचना करे जो उसकी अभि-व्यक्ति के अनुकूल हो।[1]

ध्वन्यालोक की टीका में लोचनकार का स्पष्ट मत है कि ध्वनि को काव्य की आत्मा कहना तो सामान्य कथन है। 'वस्तुतः रस ही काव्य की आत्मा है।[2]

ध्वनिकार आनन्दवर्धन भरत के रस प्रधान काव्य सिद्धान्त से पूर्ण सहमत हैं। इसलिये 'ध्वन्यालोक' में भरत का नामोल्लेख करते हुए उनसे अपनी सहमति जताते हैं। वे कहते हैं कि—

रस तात्पर्य से काव्य निबन्धन की यह प्रथा भरत आदि में पायी जातो है। रस काव्य और नाट्य दोनों का जीवनभूत है।[3]

इस प्रकार आनन्दवर्धन काव्य के दोनों भेदों—श्रव्य काव्य और दृश्य काव्य में रस की प्रधानता बताते हैं। श्रव्यकाव्य का आनन्द श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा उठाया जाता है। इसके अन्तर्गत महाकाव्य तथा खण्ड काव्य आदि आते हैं। दृश्यकाव्य काव्य का एक ऐसा रूप है, जो कर्णेन्द्रिय तथा चक्षुरिन्द्रिय—दोनों के माध्यम से मानव मन को विमुग्ध करने वाला है। दृश्यकाव्य के अन्तर्गत रूपकों की गणना की जाती है। दृश्यकाव्य को रूपक इसलिये कहते हैं कि उस (रूपक) में नटादि (अभिनेता) में रामादिक (नाटक के पात्रों) का स्वरूप आरोपित किया जाता है। नट राम, सीता, दुष्यन्त आदि का रूप धारण करता है और सामाजिकों को उसमें 'अयं रामः', इत्यादि की प्रतीति

---

१. अयमेव हि महाकवेर्मुख्यो व्यापारो यत् रसादीनेव मुख्यतया काव्यार्थीकृत्य तद्व्यक्त्यनुगुणत्वेन शब्दानामर्थानाञ्चोपनिबन्धनम्। ध्वन्यालोक पृ० १८१-८२

२. तेन रस एव वस्तुतः आत्मा। लोचन पृ० २७

३. एतच्च रसादितात्पर्येण काव्यनिबन्धनं भरतादावपि सुप्रसिद्धमेवेति। रसादयो हि द्वयोरपि तयो (काव्यनाट्ययो) र्जीवित भूताः।

ध्वन्यालोक पृ० १८२

होती है। अतः रूप का आरोप होने के कारण ही दृश्यकाव्य को रूपक कहते हैं—

तद्रूपारोपात्तु रूपकम्।[1]

**रूपक के दस प्रकार होते हैं**[2]—नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, ईहामृग, वीथी, अंक और प्रहसन। इनके अतिरिक्त नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सट्टक, नाट्यरासक एवम् प्रस्थान आदि अठारह उपरूपक भी होते हैं। इन रूपकों तथा उपरूपकों में नाटक की प्रधानता मान्य है। अतः अधिकांश कवियों ने नाटकों की ही रचना की है। प्रकरण एवं भाण आदि की संख्या कम ही है।

आचार्य विश्वनाथ नाटक के लक्षण[1] में कहते हैं—

नाटक की कथावस्तु ख्यात अर्थात् रामायणादि इतिहास प्रसिद्ध होनी चाहिए। वह मुख, प्रतिमुख आदि पाँच सन्धियों से युक्त होवे। इसमें विलास समृद्धि आदि गुण तथा अनेक प्रकार के ऐश्वर्यों का वर्णन होना

---

१. साहित्यदर्पण ६ · १

२. नाटकमथ प्रकरणं भाणव्यायोगसमवकारडिमाः।
ईहामृगाङ्कवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश॥ साहित्यदर्पण ६.

१. नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात् पञ्चसन्धिसमन्वितम्।
विलासद्ध्र्यादिगुणवद्युक्तं नानाविभूतिभिः॥
सुखदुःखसमुद्भूति नानारसनिरन्तरम्।
पञ्चाधिकाः दशपरास्तत्राङ्काः परिकीर्तिताः॥
प्रख्यावंशो राजर्षिः धीरोदात्तः प्रतापवान्।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान्नायको मतः॥
एक एव भवेदङ्गी शृंगारो वीर एव वा।
अंगमन्ये रसाः सर्वे कार्यो निर्वहणेऽद्भुतः॥
चत्वारः पञ्च वा मुख्याः कार्यव्यापृतपूरुषाः।
गोपुच्छाग्रसमग्रं तु बन्धनं तस्य कीर्तितम्॥ साहित्यदर्पण ६।७-११

चाहिए। सुख और दुःख की उत्पत्ति दिखायी जाय और अनेक रसों से उसे पूर्ण होना चाहिए। इसमें पाँच से लेकर दस तक अंक होते हैं। पुराणादि के प्रसिद्ध वंश में उत्पन्न, धीरोदात्त प्रतापी, गुणवान् कोई राजर्षि अथवा दिव्य या दिव्यादिव्य पुरुष नाटक का नायक होता है। शृंगार या वीर इनमें से कोई एक रस यहाँ प्रधान रहता है—अन्य सब रस अङ्गभूत रहते हैं। इसे निर्वहण सन्धि में अत्यन्त अद्भुत बनाना चाहिए इसमें चार या पाँच पुरुष प्रधान कार्य के साधन में व्यापृत रहने चाहिए और गौ की पूँछ के अग्रभाग के समान इसकी रचना होनी चाहिए।

नाटक के सन्दर्भ में पाश्चात्य जगत् में भी काफी विचार हुआ है। यूनानी काव्यशास्त्र में अरस्तू का अनुकरण सिद्धान्त अत्यन्त ही प्रख्यात है, किन्तु नाटक के प्रसंग में 'अनुकरण' का व्यवहार अरस्तू का मौलिक प्रयोग नहीं है। अरस्तू से पहले ही ग्रीक दार्शनिक प्लेटो ने इसी अनुकरण के आधार पर काव्य को हेय कहा था। अनुकरण का अनुकरण होने के कारण काव्य को सत्य से दूर मानकर उन्होंने इसकी उपेक्षा की थी। उनका मत था कि एक तो भौतिक जगत स्वयं सत्य का अनुकरण है, फिर काव्य या नाटक तो उस भौतिक जगत् का भी अनुकरण है। अतः अनुकरण का भी अनुकरण होने से काव्य तिरस्करणीय है। उनकी धारणा का अर्थ है कि कलाकार अपने-अपने कौशल के द्वारा भौतिक जीवन और जगत् का अनुकरण करते हैं। अभिनेता अपने अभिनय में रामादि का अनुकरण वेश, भूषा, वाणी और आंगिक चेष्टाओं के माध्यम से करता है तो एक चित्रकार आकार तथा रंग एवं रूप के द्वारा भौतिक पदार्थों की अनुकृति प्रस्तुत करता है।

विभिन्न रूपों में दृष्टिगत हो रहे अनुकरण को अरस्तू ने अपने सिद्धान्त-विवेचन के सन्दर्भ में अपना कर उसे एक विस्तृत आयाम दिया। उनके द्वारा प्रयुक्त 'अनुकरण' शब्द का विश्लेषण विभिन्न विद्वानों ने अलग-अलग ढंग से प्रस्तुत किया है। एटकिन्स के अनुसार सृजनात्मक दर्शन की क्रिया अथवा पुनः सृजन का नाम ही अनुकरण है। बुचर ने अनुकरण का अर्थ किया है—

सादृश्य विधान या मूल का पुनरुत्पादन, सांकेतिक उल्लेख नहीं। उन्होंने अनुकरण को जीवन के कल्पनात्मक पुर्ननिर्माण का पर्याय बताया है। उनके मतानुसार अनुकरण से तात्पर्य है नाटक में जीवन का वस्तुपरक अंकन। वाट्स के अनुसार अपने पूर्ण अर्थ में अनुकरण से तात्पर्य है ऐसे प्रभाव का उत्पादन जो किसी अनुभूति, स्थिति अथवा व्यक्ति के शुद्ध प्रकृति रूप से उत्पन्न होता है। उनके मत में अनुकरण का अर्थ है आत्माभिव्यञ्जन से भिन्न जीवन की अनुभूति का पुनः सृजन।

इस प्रकार अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त के सन्दर्भ में विद्वानों के विभिन्न मतों की पृथक्ता अपना अलग-अलग महत्त्व रखती है, किन्तु प्रकृति के सन्दर्भ में इनके मत कुछ सीमित प्रतीत होते हैं। अरस्तू की प्रकृति वस्तुतः जीवन के समग्र रूप, यानि, अन्तः एवं बाह्य दोनों रूपों की समष्टि को ही अभिव्यक्त करती है। अतः उनका अनुकार्य इन तीनों प्रकार की वस्तुओं में से ही कोई एक हो सकती है – जैसी वे थी या हैं, जैसी वे कही या समझी जा सकती हैं अथवा जैसी उन्हें होनी चाहिए। इनमें प्रथम प्रकृति अथवा जीवन के बहिरंग पक्ष का द्योतक है तथा अन्य दोनों अन्तरंग का व्यंजक है।

कला के सन्दर्भ में परवर्ती आलोचकों ने काफी विस्तार से विचार किया है। उनमें क्रोचे का नाम इस प्रसंग में उल्लेखनीय है। उनके अनुसार कला एक मानसिक क्रिया है। इसलिए वे इसे सहजानुभूति या सहज ज्ञान के रूप में अंगीकार करते हैं। क्रोचे ने कला को मानव की एक सहज मानसिक क्रिया के रूप में स्वीकार करके उसकी अखण्डता और शाश्वत सत्ता को प्रमाणित किया है। उनके विचार में कला मूलतः सहजानुभूति है जो अभिव्यक्ति रूप है। कला का मूल रूप कलाकार के मानस में घटित होता है। रंग, रेखा, शब्द, लय आदि में उनका अनुकरण सर्वथा आनुवंशिक घटना है। वे अभिव्यंजना को ही कला कहते हैं। इस प्रकार अरस्तू का अनुकरण क्रोचे के सिद्धान्त के अनुसार कला सृजन के प्रसंग में केवल आनुषंगिक प्रक्रिया मात्र रह जाता है।

प्रकृति के सम्बन्ध में भी क्रोचे का मत कुछ अलग है। उनकी धारणा है कि प्रकृति उन्हीं लोगों के लिए सुन्दर है जो कलाकार या कवि की दृष्टि से देखते हैं। कल्पना की दृष्टि के बिना प्रकृति का कोई अंग सुन्दर नहीं है। क्रोचे बाह्य पदार्थों को कल्पना में बिम्ब उत्पन्न करने वाली वस्तुओं के रूप में स्वीकार करते हैं।

अरस्तू के काव्य सम्बन्धी मूल सिद्धान्त के परिप्रेक्ष्य में जब हम भारतीय काव्यशास्त्र पर दृष्टि-निक्षेप करते हैं तो हमारी निभ्रान्ति धारणा बनती है कि भारतीय काव्यशास्त्र में आरम्भिक काल से ही काव्य के सन्दर्भ में अनुकरण को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। काव्यशास्त्र के आदिम आचार्य भरत मुनि ने नाट्य को लोक स्वभाव का अनुकरण या लोकवृत्त का अनुकरण कहा है—

लोकस्व भावानुकरणाच्च नाट्यस्य त्तत्दमीप्सितम्।

× × ×

लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्॥[1]

यहाँ स्वभाव तथा वृत्त शब्दों में लोक जीवन के समस्त अन्तर्बाह्य रूपों— वेश-भूषा, कार्यव्यापार, वाणी-व्यवहार आदि सभी भावों का समावेश है। यहाँ रंगमंच पर इनके अनुकरण का विधान विस्तार से किया गया है फिर भी अनुकरण से तात्पर्य अभिनय ही है। आचार्य भरत के अनुयायी धनञ्जय अपने ग्रंथ दशरूपक में इसे स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्[2]

अर्थात् अवस्था का अनुकरण ही नाट्य है। नाट्य के बारे में धनञ्जय की धारणा है कि काव्यों में वर्णित नायकों (धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित और धीरशान्त) के आंगिक, वाचिक, आहार्य तथा सात्त्विक—इन चारों माध्यमों से अभिनय के द्वारा रामादि की अवस्था का अनुकरण किया जाता है।

---

१. नाट्यशास्त्र—१-१११



२. दशरूपक—१, ७

अंग-संचालन, वेश-भूषा, आलाप-संलाप आदि के द्वारा नट रामादि का अनुकरण इस प्रकार करता है कि उस नट में रामादि से अभेद प्रतीत होने लगता है। नट में ही 'अयं रामः' की प्रतीति होने लगती है। अतः उन दोनों में एकत्व या तादात्म्य का आरोप हो जाने के कारण उसे रूपक कहते हैं—

**रूपकं तत्समारोपात्[१]।**

यहाँ नट में राम आदि का आरोप होने से इसे रूपक कहते हैं। रूपक अलंकार में भी नयन में कमल का आरोप करने के कारण कमलनयन शब्द का प्रयोग करते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि नाटक में अनुकरण अपरिहार्य है। इस सन्दर्भ में यह ध्यातव्य है कि नाट्य में जो अनुकरण होता है वह नटगत होता है, कविगत नहीं। अर्थात् अनुकरण का आश्रय नट होता है वह (अनुकरण) कवि कर्म नहीं होता है। अनुकरण का विषय अनुकार्य है जो राम आदि होते हैं।

भरत के रससूत्र के व्याख्याता भट्टलोल्लट इसे और भी स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि ललना (आलम्बन विभाव), उद्यान (उद्दीपन विभाव) आदि से रति आदि (स्थायी) भाव उत्पन्न हुआ, (रति आदि की उत्पत्ति के) कार्य भूत कटाक्ष, भुजाक्षेप आदि अनुभावों से प्रतीति के योग्य किया गया और सहकारी रूप निर्वेद आदि व्यभिचारी भावों से पुष्ट किया गया मुख्य रूप से अनुकार्य रूप राम आदि में और उनके स्वरूप का अनुभव करने से नट में प्रतीयमान स्थायिभाव ही रस कहा जाता है[२]।

---

१. दशरूपक—१, ७

२. विभावैर्ललनोद्यानादिभिरालम्बनोद्दीपनकारणैः रत्यादिको भावो जनितः, अनुभावैः कटाक्ष-भुजाक्षेप-प्रभृतिभिः कार्यैः प्रतीतियोग्यः कृतः, व्यभिचारिभिर्निर्वेदादिभिः सहकारिभिरुपचितो मुख्यया वृत्त्या रामादावनुकार्ये तद्रूपतानुसन्धानान्नर्तके अपि प्रतीयमानो रस इति भट्टलोल्लटप्रभृतयः।

काव्यप्रकाश पृ० १०१

अभिनवगुप्त ने भी अभिनव भारती में अनुकार शब्द का प्रयोग नटकर्म के लिये ही किया है—

"नहि नटो रामसादृश्यं स्वात्मनः शोकं करोति, सर्वथैव तत्र तस्या भावात् भावेनानुकारत्वात्[1] ।"

यहाँ रामादि के लिये अनुकार्य, अभिनेता के लिये अनुकर्ता और अभिनय के लिये अनुकरण शब्द का प्रयोग हुआ है। विश्वनाथ ने इस तथ्य को और भी स्पष्ट करते हुए कहा है कि रामादि अनुकार्य की रति आदि का उद्बोधक रस नहीं हो सकता—

'अनुकार्यस्य रत्यादेरुद्बोधो न रसो भवेत्[2]' ।

इससे स्पष्ट है कि रंगमंच के व्यापार को ही अनुकरण कहा गया है, कविकर्म को नहीं। काव्य को दिव्य प्रतिभाजन्य अलौकिक सिद्धि माना गया है, कला नहीं। ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन ने कवि को स्वयं प्रजापति और काव्यसंसार को उसकी सृष्टि कहा है[3]। आचार्य मम्मट तो ब्रह्मा की सृष्टि से भी कविकृति को श्रेष्ठर मानते हैं क्योंकि ब्रह्मा की रचना नियति के नियमों (धर्माधर्मादि) के अधीन है, किन्तु कवि की कृति सभी नियमों से परे है। ब्रह्मा की रचना सुखदुःखों का सम्मिश्रण है तो कविसृष्टि विशुद्ध आनन्दमयी है। ब्रह्मा की रचना के लिये विविध अणु-परमाणुओं की अपेक्षा होती है, किन्तु कवि की रचना को किसी ऐसे तत्त्वों की आवश्यकता नहीं होती। वह किसी के अधीन न होकर अनन्य परतन्त्र है। ब्रह्मा के लोक में मधुर, आम्ल आदि छः रस होते है तो कवि संसार शृंगारादि नव रसों से परिपूर्ण होने से सदा रुचिकर ही होता है[4]। यही कारण है कि काव्य-विद्या

---

१. अभिनव भारती पृ० ३७

२. साहित्यदर्पण ३-८८

३. 'अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः ।' ध्वन्यालोक पृ० ४२२ ।

४. नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम् ।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति ।। काव्यप्रकाश १-१

सभी विद्याओं से श्रेष्ठ है। इसलिये अभिनयकर्ता की अपेक्षा कवियों को श्रेष्ठतर कहा गया है तथा अभिनय से काव्य को उच्चतर बताया गया है। इस तथ्य को भोजराज भी स्वीकार करते हैं[1]।

काव्य की इसी उत्कृष्टता के कारण 'अनुकरण' शब्द का प्रयोग काव्य के लिये नहीं होकर अभिनय, नृत्त एवं चित्र आदि के लिये हुआ है[2]।

इस प्रकार स्पष्ट है कि भारतीय काव्य शास्त्र में कवि का कर्तृत्व ही बहुमान्य है, अनुकर्तृत्व नहीं। अतः कवि-प्रतिभा कारयित्री है, अनुकारयित्री नहीं। काव्य कारण है, अनुकरण नहीं।

इस तरह अरस्तू और भरत या अन्य आचार्यों के काव्य सम्बन्धी मत भिन्न प्रतीत होते हुए भी तत्त्वतः भिन्न नहीं हैं। दोनों मार्ग अलग अलग हैं। फिर भी लक्ष्य समान है। दोनों ही आचार्यों ने नाटक को मानव या मानवेतर प्रकृति के अनुकरण के द्वारा आनन्द की उत्पत्ति या रसास्वादन का साधन बताया है। वे केवल बाह्य प्रकृति का ही अनुकरण नहीं करते। वरन् मानव की अन्तःप्रवृत्ति को भी अनुकरणगत करते हैं। एक प्रौढ़ नाटककार अपने पात्र की मनोदशा का भी वर्णन बिल्कुल उसी तरह करता है जैसे उसके बाहरी रूप का। नाटककार की कुशलता इसी बात पर निर्भर करती है कि उस (नाटककार) ने पात्रों की आभ्यन्तर प्रकृति को कितने सुन्दर तथा मार्मिक रूप में अभिव्यंजित किया है। भारतीय काव्यशास्त्र में रस-सिद्धान्त की महत्ता इसी दिशा में संकेत करती है। रस के बिना भारतीय काव्यशास्त्र में नाटक की धारणा ही नहीं होती। सम्भवतः इसी लिये काव्यों में नाटक को अधिक रमणीय कहा गया है—

**काव्येषु नाटकं रम्यम्।**

---

१. अतः अभिनेतृभ्यः कवीनेव बहुमन्यामहे, अभिनयेभ्यः काव्यमेवेति।

श्रृंगारप्रकाश

२. यथा नृत्ते तथा चित्रे त्रैलोक्यानुकृतिः स्मृता।

चित्रसूत्र

रीतिवादी आचार्य वामन प्रबन्धकाव्यों में दस रूपकों को श्रेष्ठ बताते हैं[१]। उनकी मान्यता है कि दस प्रकार के रूपक चित्रपट के समान चित्ररूप की सभी विशेषताओं से युक्त होने के कारण विस्मयकारी एवम् आनन्ददायी हैं[२]। वामन इन दस रूपकों की श्रेष्ठता प्रतिपादित करने में इतना रम जाते हैं कि इन रूपकों से ही वे कथा, आख्यायिका एवं महाकाव्य आदि भेदों की कल्पना का उद्घोष करते हैं[३]।

काव्यशास्त्र में ऐतिहासिक दृष्टि से काव्य और नाटक के पारस्परिक सम्बन्ध के विषय में तीन प्रकार के सिद्धान्त पाये जाते हैं। एक सिद्धान्त है कि काव्यों में नाटक की ही प्रधानता समझी जाती थी। इसलिये आचार्य भरत ने अपने ग्रन्थ की रचना 'नाट्यशास्त्र' के रूप में की थी। रीतिवादी आचार्य वामन भी इसी सिद्धान्त से सहमति व्यक्त करते हुए प्रबन्धकाव्यों में दस रूपकों को श्रेष्ठ मानते हैं। उन रूपकों के विवेचन के लिए ही धनञ्जय ने 'दशरूपक' ग्रन्थ की रचना की। नाट्यशास्त्र के व्याख्याकार अभिनवगुप्त काव्य को दश रूपकों का स्वरूप मानते हैं—

**काव्यं तावन्मुख्यतो दशरूपात्मकमेव।**

दूसरे मत के अनुसार महाकाव्य आदि का स्वतंत्र अस्तित्त्व है जो नाटकादि से भिन्न है। काव्य के स्वतंत्र रूप से दो भेद हैं—श्रव्यकाव्य और दृश्यकाव्य। श्रव्यकाव्य में महाकाव्य, खण्डकाव्य आदि आते हैं तो दृश्य काव्य के अन्तर्गत रूपकों की गणना एवं विवेचना की गयी है।

तीसरा मत काव्यों में ही नाटक आदि का अन्तर्भाव मानता है। इस मत के अनुसार काव्य का निरूपण करनेवाले ग्रन्थों में एक भाग विशेष के

---

१. 'सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः।' काव्यालंकारसूत्रवृत्ति १, २, ३०।
२. 'तद्धि चित्रं चित्रपटवद्विशेषसाकल्यात्।' काव्यालंकारसूत्रवृत्तिः १, ३, ३१।
३. ततोऽन्य भेदक्लृप्तिः। ततो दशरूपकादन्येषां भेदानां क्लृप्तिः कल्पनमिति। दशरूपकस्यैव हीदं सर्वं विलसितम् यच्च कथाख्यायिकं महाकाव्यमिति। काव्यालंकारसूत्रवृत्ति पृ० २१

रूप में रूपकों का विवेचन किया जाता है। जैसे 'साहित्यदर्पण' ग्रन्थ के दस परिच्छेदों में एक परिच्छेद (छठा) में रूपकों का विश्लेषण किया गया है। भोजराज जैसे विद्वान् दश रूपकों की अपेक्षा काव्य को ही बहुमान देते हैं।

गौतम बुद्ध के 'मज्झिम निकाय' में अधिक आस्था रखनेवाले मेरे जैसे लोग मध्यममार्गी होने से यहाँ भी दूसरे मत को ही अधिक संगत मानते हैं क्योंकि आरम्भिक काल से ही महाकाव्य और नाटक अलग-अलग लिखे गये। महाकाव्यों में पठन-श्रवण के द्वारा रसचर्वणा होती है जबकि नाटक अभिनय के द्वारा सामाजिकों में रसानुभूति कराते हैं। यह बात दूसरी है कि महाकाव्य के प्रणेता भी कवि कहलाते हैं और नाट्यकार भी कवि की पदवी से अभिहित किये जाते हैं। कालिदास एवं अश्वघोष आदि ने महाकाव्य एवं नाटक दोनों की रचना की और उन्हें महती ख्याति प्राप्त हुई। आज भी दोनों विधाओं का प्रणयन स्वतन्त्र रूप से हो रहा है।

## नाटक की उत्पत्ति और विकास

नाटक की सफलता के लिये अन्य तत्त्वों में उसकी अभिनेयता प्रमुख है और यह अभिनेयता अनुकरण पर ही आधारित होती है। रामादि की तत्तत् अवस्थाओं को अनुकरण के द्वारा नट सामाजिकों का मनोरंजन करता है। अनुकरण की भावना मानव में स्वाभाविक रूप से देखी जाती है। मानव ही नहीं, बन्दर-भालू जैसे पशुओं में भी यह प्रवृत्ति सहज रूप से पायी जाती है। सर्कस का खेल इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। वहाँ हम वानर को रेल का इंजन चलाते और भालू को रिक्सा चलाते देखकर आनन्द का अनुभव करते हैं क्योंकि वे बन्दर और भालू मानव द्वारा किये जाने वाले कार्यों का अनुकरण सहजभाव से करते हुए हमें आह्लादित करते हैं। यह बात अलग है कि लोक में अनुकरण से प्राप्त आनन्द विशुद्ध मनोरंजन के लिये होता है जबकि नाट्य या काव्य का लक्ष्य केवल मनोरंजन नहीं होता। वह तो, हमें 'रामादिवत् प्रवर्तितव्यं न रावणादिवत्' का उपयोगी उपदेश भी देता है।

जैसा कि मैथिलीशरण गुप्त ने भी काव्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा है—

**केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिये।**
**उसे उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिये॥**

महामना तुलसीदास जी उसी कविता को श्रेष्ठ मानते हैं जिससे सबों का हित साधन होता है—

**कीरति भनिति भूति भलि सोई।**
**सुरसरि सम सब कहँ हित होई[1]॥**

नाट्य या काव्य के लक्ष्य के बारे में विचार करने पर ज्ञात होता है कि पाश्चात्य धारणा काव्य में आनन्द को एकमात्र लक्ष्य मानती है। इतना नहीं तो, कम-से-कम प्रधान लक्ष्य जरूर ही मानती है। उपदेश को ग्रहण करने पर भी उसे द्वितीय स्थान ही प्राप्त है। जैसा कि होरेस ने कहा है—

Delight is chief, if not the only end of poetry, instruction can be admitted, but in the second place.

अस्तु, प्रकृत में हमारा विवेच्य विषय नाटक की उत्पत्ति एवं विकास है। अतः उसके बारे में ही हम यहाँ विचार करेंगे।

भारतीय मनीषा हर किसी विषय या वस्तु के विकास का बीज वेदों में अन्वेषण करने में रुचि रखती है। नाटक की उत्पत्ति पर विश्लेषण के सन्दर्भ में भी यह स्थिति देखी जाती है। भारतीय संस्कृति के विकास में धर्म का मूलभूत स्थान है। मनु भी कहते हैं—

**'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्[2]।'**

भारतीय मान्यता के अनुसार चार युगों में कृतयुग या सत्ययुग प्रथम है। जिसमें धर्म के चारों चरण स्थित थे। अतः उस समय लोगों को किसी

---

१. रामचरितमानस १ १४.९

२. मनुस्मृति २.६

प्रकार के मनोरंजन की आवश्यकता नहीं थी। किन्तु त्रेता युग के आने पर धर्म का एक चरण लुप्त हो गया। अतः धर्म में लोगों की रुचि का ह्रास होने के कारण मनोरंजन के लिये साधन की आवश्यकता समझी जाने लगी। दूसरी ओर समाज के एक वर्ग-शूद्रों के लिये निःश्रेयस् का कोई मार्ग नहीं था क्योंकि वेदाध्ययन उनके लिये निषिद्ध था। अतः उनके मनस्तोष के लिये भी कुछ सामग्री अपेक्षित थी।

नाट्यशास्त्र में कथा आती है कि महेन्द्र आदि प्रमुख देवतागण ब्रह्मा के पास गये और उनसे निवेदन किया कि हमलोग मनोरंजन का कुछ ऐसा साधन चाहते हैं जो दृश्य एवं श्रव्य—दोनों हो। शूद्रों के लिये वेदों का अध्ययन निषिद्ध होने के कारण चारो वेदों से भिन्न तथा सभी वर्णों के लिये हितकारी एवं ज्ञानवर्धक और आह्लादजनक पंचम वेद—नाट्यवेद की रचना करें। देवताओं की प्रार्थना को स्वीकार कर ब्रह्मा ने ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद से क्रमशः पाठ्य या कथावस्तु, गीत, अभिनय और रस को लेकर नाट्यवेद का प्रणयन किया[1] एवं देवताओं के द्वारा इस (नाट्यवेद) के प्रयोग का आदेश इन्द्र को दिया, किन्तु इसके प्रयोग में देवताओं की अक्षमता जानकर इन्द्र ने ऋषियों के द्वारा इसका प्रयोग कराने का निवेदन ब्रह्मा से किया। अतः ब्रह्माजी के आदेश पर भरत मुनि ने अपने सौ पुत्रों को नाट्यवेद पढ़ाया और उन्हें उसका प्रयोग भी सिखाया।[2] उन्होंने शिव तथा पार्वती से क्रमशः ताण्डव एवं लास्य लिया और शिव से ही रीति ली। ब्रह्माजी के कहने पर इन्द्रध्वज पर्व के अवसर पर नाटक का अभिनय किया गया। यह महोत्सव कर्मकाण्ड तक सीमित न होकर जन सामान्य के लिये था।

---

१. संकल्प्य भगवानेवं सर्वान्वेदाननुस्मरन्।
नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्ग सम्भवम्॥
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि॥ नाट्यशास्त्र १·१६, १७

२. आज्ञापितो विदित्वाहं नाट्यवेदं पितामहात्।
पुत्रानध्यापयामास प्रयोगंचापि तत्त्वतः॥ नाट्यशास्त्र १·३५

इस प्रकार भारतीय परम्परा नाटकों की दैवी उत्पत्ति--सिद्धान्त स्वीकार करती है। भरत के 'नाट्यशास्त्र' में इस वर्णन से यह तथ्य सामने आता है कि भरत के 'नाट्यशास्त्र' की रचना के पूर्व भारतीय नाटक तथा रंगमंच पूर्णतः विकसित हो चुके थे।

ऋग्वेद में अनेक ऐसे सूत्र हैं जिनमें संवाद का तत्त्व पाया जाता है। इनमें इन्द्र-मरुत्-संवाद (१/१६५, १/१७०), विश्वामित्र-नदी-संवाद (३/३३), पुरुरवस्-उर्वशी-संवाद (१०/९५) तथा यम-यमी-संवाद (१०/१०) मुख्य हैं। इन सम्वादसूक्तों को ध्यान में रखते हुए मेक्समूलर ने मत व्यक्त किया था कि इन सूक्तों का पाठ यज्ञ के समय इस ढंग से किया जाता होगा कि अलग-अलग ऋत्विक् अलग-अलग पात्र (मरुत् या इन्द्र) वाले मन्त्रों का शंसन करते होंगे। वहाँ पाठ करने के उस ढंग में अभिनयात्मकता रहती होगी। प्रो० सिलवा लेवी भी इस मत के समर्थक हैं। उनके अनुसार ऋग्वेद काल में अभिनय की स्थिति थी। वे मानते हैं कि उस काल में देवताओं के रूप में, यज्ञादि के समय, नाटकाभिनय अवश्य होता होगा। नाटक के मुख्यतः तीन उपकरण होते हैं—नृत्य, गीत और संवाद।

ऋग्वेद में विवाह सूक्त के अन्तर्गत नवदम्पती के सामने शृंगार की हुई कुमारियों के नृत्य का उल्लेख मिलता है। सामवेद से ज्ञात होता है कि गानविद्या भी उस समय तक पूर्णता को प्राप्त हो चुकी थी। यज्ञ के अवसर पर सामवेद के सूक्तों का गायन होता था। अथर्ववेद में वादन के साथ गायन तथा नृत्य का उल्लेख मिलता है। इससे निष्कर्ष निकलता है कि वैदिक युग में नाटक ही के समान कुछ दृश्य दिखाये जाते थे जो अवश्य ही धार्मिक रूप में रहे होंगे। उनसे ही नाटकों का विकास हुआ ऐसा मानने में कोई असंगति नहीं है।

नाटक की उत्पत्ति के सन्दर्भ में कुछ पाश्चात्य विद्वानों ने अपने मत अलग-अलग रूप में व्यक्त किये हैं। उनमें डा० रिजवे का मृतक पूजावाद, कीथ का मेपोलवाद, स्टेनकोनो का लोकप्रिय स्वांगवाद, डा० पिशेल का पुत्तलिका नृत्यवाद तथा छायानाटकवाद बहुचर्चित है, किन्तु तर्कपूर्ण विचार करने पर

ये मत उन पाश्चात्य विद्वानों को भी बहुत संगत नहीं जँचते जिससे ये मत विश्वसनीय नहीं हैं। अतः विस्तार से इनका उल्लेख अनपेक्षित है।

पौराणिक काल की कृतियों में 'नटनर्तकाः' आदि शब्द मिलते हैं जिनसे उस काल में नाटक की स्थिति का पता चलता है। रामायण एवं महाभारत में भी नाटकों का संकेत मिलता है। रामायण में 'नाटक' एवं 'नट' शब्द पाये जाते हैं। अयोध्याकाण्ड में 'नाटक' तथा 'वेश्याओं' से युक्त अयोध्या नगरी का वर्णन है।[१] राम के राज्याभिषेक के समय में नटों, नर्तकों तथा गायकों के उपस्थित होने तथा अपनी कला-कुशलता से लोगों को आनन्दित करने का उल्लेख मिलता है।[२]

महाभारत में भी नट-शैलूष आदि शब्दों का प्रयोग देखा जाता है। हरिवंश पर्व के ९१ से ९७ अध्याय तक नाटक खेले जाने के संकेत मिलते हैं। वहाँ एक वर्णन के अनुसार बज्रनाभ नामक दैत्य को मारने के लिये श्रीकृष्ण तथा उनके सखाओं ने कपट-नटों का वेष धारण कर उसकी नगरी में जाकर रामायण का नाटक खेला था। इसके बाद उन्होंने कौवेरम्भाभिसार नाटक भी खेला। नाटक के अभिनय से मुग्ध उन दैत्यों तथा उनकी स्त्रियों ने अपने सुवर्ण के आभूषण खोलकर नटों को दे दिये। नाटक के वशीकरण से प्रद्युम्न ने अमित बज्रनाभ का वध कर उसकी बेटी प्रभावती के साथ विवाह रचाया था। इस प्रकार महाभारत काल में नाटक का सर्वाङ्गीण रूप उपलब्ध होता है। यह बात दूसरी है कि डा० ए० वी० कीथ हरिवंश तथा महाभारत (हरिवंशेतर महाभारत) के रचना-काल में बहुत बड़ा अन्तराल बताते हैं। वे हरिवंश को बाद का क्षेपक मानते हैं।

रामायण तथा महाभारत के बाद बौद्ध ग्रंथों तथा जैन-ग्रंथों एवं वात्स्यायन के कामसूत्रों में भी नाटकों और नटों का उल्लेख मिलता है। कामसूत्र में

---

१. वधूनाटकसंघैश्च संयुक्तां सर्वतः पुरीम्।
उद्यानाम्रवनोपेतां महतीं सालमेखलाम्।। वाल्मीकि रामायण १-५-१२

२. नटनर्तकसंघानां गायकानां च गायताम्।
यतः कर्णसुखा वाचः शुश्राव जनता ततः।। वाल्मीकि रामायण

निर्देश है कि वाहर से आये हुए नट प्रथम दिन नागरिकों को नाटक दिखायें और उसका पारिश्रमिक दूसरे दिन ग्रहण करें। यदि लोग फिर देखना चाहें तो दूसरे दिन भी देखें, अन्यथा नट को सम्मानपूर्वक विदा करें। नगर के नटों तथा आगन्तुक नटों के बीच परस्पर सहयोग की भावना रहनी चाहिये।[1]

वात्स्यायन का काल ई० पू० दूसरी शती है। अतः इससे सिद्ध है कि ई० पू० दूसरी शती से पूर्व ही भारत में नाटकों का निर्विवाद तथा पूर्णतः अस्तित्व था।

इनके पूर्व ही पाणिनि का अष्टाध्यायी के सूत्रों में पराशर्य, शिलालि तथा कृशाश्व के नट सूत्रों का उल्लेख मिलता है।[2] पाणिनि का समय अनेक विद्वानों के अनुसार ई० पू पाँचवी शताब्दी है। महाभाष्यकार पतञ्जलि (१५० ई०) स्पष्ट रूप से 'कंसवध' तथा 'बलिबन्ध' इन दो कथाओं से सम्बद्ध नाटकों का उल्लेख करते हैं।[3] इसके बाद नाट्य-रचना की एक लम्बी शृंखला दीख पड़ती है।

इसलिये संस्कृत नाटकों में ग्रीक नाटकों से उत्पत्ति का बीज ढूंढना मात्र दुराग्रह तथा हठधर्मिता होगी। वैसे एक दूसरे के सम्पर्क में आने पर एक दूसरे के प्रभाव से अछूता रहना कठिन है, एक से दूसरे के प्रभावित होने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। फिर भी, कुछ लोग भारतीय नाटकों को यूनानी नाटकों की देन बताते हुए कहते हैं कि संस्कृत नाटकों में

---

१. कुशीलवाश्चागन्तवः प्रेक्षणमेषां वै दधुः।
द्वितीयेऽहनि तेभ्यः पूजानियतं ल भेरन्।
ततो यथाश्रद्धमेषां दर्शनमुत्सर्गो वा।
व्यसनोत्सवेषु चैषां परस्परैककार्यता। कामसूत्र १।४।२८—३१

२. पराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः। अष्टाध्यायी ४।३।११०

३. इदंतु कथं वर्तमानकालता कंसं घातयति बलिं बन्धयतीति चिरहते कंसे चिरबद्धे च बलो।

पर्दे के लिये प्रयुक्त 'यवनिका' शब्द 'यवन' से बना है जो यूनानी नाटकों में पर्दे के लिये प्रयुक्त है। अतः इस शब्द से भारतीय नाटकों के यूनानी नाटकों के ऋणी होने का संकेत मिलता है, परन्तु यह विचार कल्पना मात्र है क्योंकि यूनानी नाटक तो खुले मैदान में होते थे और वहाँ कोई पर्दा भी नहीं होता था। फिर पर्दा के लिये 'जवनिका' शब्द ही प्रायः प्रयुक्त होता है।

अतः भारत के नाटकों के 'पर्दा' को 'यवन शब्द से सम्बद्ध करना संग नहीं लगता है। इस मत के प्रतिष्ठापक विद्वान वेवर का खण्डन डा० की ने ही कर दिया है। भारत की प्रत्येक साहित्यिक, कलात्मक या शास्त्रीय समृद्धि में पाश्चात्य विद्वानों द्वारा यूनान का प्रभाव या मूल प्रेरणा का अन्वेषण करना तथ्यहीन प्रतीत होता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि वैदिक साहित्य में नाटक के जो बीज बिखरे हुए पाये जाते हैं वे समय तथा परिस्थिति की मिट्टी, पानी एवं हवा के सहारे अंकुरित एवं परिवर्धित होते हुए भरत के काल (अनुमानतः ई. पू. दूसरी सदी) तक एक विशाल वृक्ष का रूप ले लेते हैं जिनकी हर डाली तथा पत्तियों एवं पुष्पों और फलों का विस्तृत विश्लेषण नाट्यशास्त्र में उपलब्ध होता है। आज संस्कृत साहित्य का नाट्य भाग इतना समृद्ध है कि मात्रा तथा गुण दोनों दृष्टियों से विश्व के नाट्य-साहित्य में अपना एक विशिष्ट स्थ रखता है।

**संस्कृत रूपकों की विशेषतायें—**

१. संस्कृत रूपकों में रस की प्रधानता होती है। अलंकारशास्त्र के अनुसार इस (रूपक) में शृंगार, वीर अथवा शान्त रस में से कोई एक रस प्रधान होता है।

२. हास्य, रौद्र आदि अङ्ग रस के रूप में वर्णित होते हैं।

३. संस्कृत रूपकों में अन्वितित्रय (कालान्विति; स्थानान्विति एवं कार्यान्विति) का अनुपालन नहीं होता है।

४. इनमें उच्चवर्ग के पात्र (नायक आदि) संस्कृत में भाषण करते हैं किन्तु स्त्री तथा निम्नवर्गीय पात्र प्राकृत भाषा में बोलते हैं।

५. इनमें नायक के कार्य (नायिका से मिलन आदि) सम्पादन में सहायक विदूषक होता है। वह हास्य उत्पन्न करने में पटु होता है।

६. संस्कृत नाटक सुखान्त होते हैं।

७. इनमें धर्म तथा नैतिकता का प्राधान्य होता है।

**संस्कृत रूपकों का विकास—**

भारतीय वाङ्मय में रूपकों के बीज वैदिक साहित्य में उपलब्ध होने के साथ रामायण एवं महाभारत में उसकी स्थिति देखी जाती है। नाटकों के विकास की परम्परा का उल्लेख पाणिनि एवं पतञ्जलि के ग्रन्थों में प्राप्त होता है, किन्तु महाभाष्य में उल्लिखित 'कंसवध' एवं बलिबन्ध, की कथाओं से सम्बद्ध नाटक आज विद्यमान नहीं है। नाट्यशास्त्र में उल्लिखित 'समुद्र-मन्थन' और 'त्रिपुरदाह' भी सम्भवतः काल के गाल में समा गये। काव्यशास्त्र के अन्य लक्षणग्रन्थों में भी उल्लिखित अनेक नाटक आज अन्वेषणीय ही हैं। संस्कृत के एक से एक नाटक आज भी प्रकाश में नहीं आ सके हैं। कुछ पाण्डुलिपियाँ संगृहीत हैं और अधिसख्य रचना काल के गाल में समाहित हो गयी हैं।

सम्प्रति उपलब्ध नाट्य कृतियों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर आते हैं कि संस्कृत काव्यजगत में प्रथम नाटककार होने का श्रेय महाकवि भास को ही जाता है क्योंकि कालिदास ने भी अपनी रचना मालविकाग्निमित्र में अन्य कवियों के साथ भास का उल्लेख किया है।[1]

भास की तेरह नाट्य रचनाओं में 'प्रतिमा' और 'अभिषेक' नाटक रामायण की कथा पर आश्रित हैं। 'मध्यमव्यायोग', 'दूतघटोत्कच', 'कर्ण

---

१. प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धान् अतिक्रम्य कथं वर्त-मानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः।

मालविकाग्निमित्र—४-१

भार' 'दूतवाक्य' और 'उरुभङ्ग' महाभारत पर आधारित हैं। 'बालचरित' का आधार भागवत पुराण है। 'स्वप्नवासवदत्तम्' और 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' उदयन कथाश्रित हैं तथा 'दरिद्रचारुदत्त' और 'अविमारक' कल्पित रूपक हैं।

इस प्रकार काव्यरचना के लिये आधारभूत संस्कृत साहित्य की सभी उपजीव्य सामाग्रियों का उपयोग भास ने अपनी रचना के लिये किया है।

**कालिदास**—संस्कृत काव्यजगत् में प्रथम कोटि के काव्यकारों में कालिदास का नाम अग्रगण्य है। उनके तीन नाट्य ग्रन्थ हैं—मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तलम्। प्रथम दो रचनायें पाँच-पाँच अंकों में तथा तीसरी रचना सात अंकों में रचित है। ये तीनों नाटक श्रृंगार रस प्रधान हैं तथा इनमें नायक एवं नायिका के परस्पर प्रेम और विवाह का वर्णन है। इनमें संयोग और वियोग—दोनों पक्षों का वर्णन अत्यन्त रमणीय है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् कालिदास की रचनाओं में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण नाट्य-साहित्य में सर्वश्रेष्ठ रचना के रूप में मान्य है। यह उक्ति अत्यन्त प्रचलित है—

**'काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला'।**

**शूद्रक**—संस्कृत वाङ्मय में शूद्रक का नाम अनेक स्थानों पर उल्लिखित है। नाट्य जगत् में ये 'मृच्छकटिकम्, के रचयिता के रूप में चर्चित हैं, किन्तु इस नाटक की प्रस्तावना में कवि परिचय में कहा गया है—

**'शूद्रकोऽग्निं प्रविष्टः[१]।'**

अर्थात् शूद्रक अग्नि में प्रवेश कर गये। इसलिये प्रश्न उठता है कि प्रस्तावना लिखने के पूर्व ही अग्नि में प्रवेश कर जाने वाले शूद्रक ने इस नाटक की रचना कैसे की ? क्या प्रस्तावना के ये पद्य शूद्रक के हैं ? यदि नहीं तो ये पद्य किसने और क्यों जोड़े ? इन प्रश्नों के उत्तर में विद्वान् आलोचक एकमत नहीं है। इस नाटक का कर्तृत्व आज भी निर्विवाद नहीं है।

---

१. मृच्छकटिक १/...

मृच्छकटिक संस्कृत जगत् का यथार्थवादी रूपक है जिसमें जीवन की कठोर वास्तविकता के दर्शन होते हैं। उस काल में मध्यम वर्ग की सामाजिक स्थिति को प्रतिविम्बित करने वाला यह अकेला नाटक है। इसके पात्र राजकुल के नहीं होकर चोर, जुआरी, वदमाश, षड्यन्त्री, भिक्षुक, राजसेवक, विट, गणिका और दासी हैं। रूपकलक्षणों के अनुसार मृच्छकटिक एक प्रकरण है। इसका नायक चारुदत्त जाति से ब्राह्मण होकर भी वृत्ति से वणिक् है। नायिका वसन्त सेना गणिका है। इस नाटक में दोनों के प्रेम तथा विवाह का वर्णन होने से इसका प्रधान रस शृंगार है।

**विशाखदत्त**—विशाखदत्त द्वारा निर्मित नाटक 'मुद्राराक्षस' अपने इतिवृत्त की दृष्टि से नाटकों में अद्वितीय राजनीतिक तथा कूटनीतिक विषय से सम्बद्ध नितान्त श्रेष्ठ नाटक है। इसका समय छठी सदी का उत्तरार्द्ध है। नन्द वंश के उन्मूलन और चन्द्रगुप्त को मगध के सिंहासन पर आरूढ़ करने के बाद चाणक्य नन्द वंश के स्वामी भक्त मन्त्री राक्षस को अपनी कूटनीतिक चालों से वश में करके चन्द्रगुप्त मौर्य का मन्त्री बनाना चाहते हैं और अपने बुद्धिबल से इन दोनों कार्यों में सफल हो जाते हैं। रक्त का बिना एक कतरा बहाये ही चाणक्य महान् युद्ध को जीत लेते हैं। अतः इस रचना का प्रधान रस वीर है।

**हर्षवर्धन**—भारतीय इतिहास में सुविख्यात सम्राट हर्षवर्धन (६०६-६४८) के द्वारा प्रणीत तीन रूपक मिलते हैं—रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानन्द। रत्नावली, चार अंकों की श्रेष्ठ नाटिका है। इसमें वत्सराज उदयन और सिंहल देश की राजकुमारी रत्नावली की प्रेमकथा का वर्णन होने से इसका प्रधान रस शृंगार है। प्रेम-प्रपंच की सजीव घटनाओं और नाटकीय संवादों से यह रचना अत्यन्त सरस बन गयी है। 'प्रियदर्शिका' चार अंकों की नाटिका है। इसमें राजा दृढ़वर्मन की पुत्री प्रियदर्शिका और महाराज उदयन की प्रेम कथा वर्णित है। वर्ण्यविषय तथा स्वरूप की दृष्टि से 'रत्नावली' और

'प्रियदर्शिका' में काफी साम्य है। 'नागानन्द' पाँच अंकों का नाटक है।

इसके पूर्वार्द्ध में विद्याधर कुमार जीमूतवाहन और सिद्धकन्या मलयवती का प्रणय-प्रसंग वर्णित है तथा उत्तरार्द्ध में जीमूतवाहन द्वारा गरूड़ को सर्प-भक्षण से विरत करने की घटना वर्णित है। इसमें जीमूतवाहन अपने त्याग से मानव मात्र को अहिंसा की शिक्षा देता है।

**भवभूति**—संस्कृत जगत् में कालिदास के बाद भवभूति (७०० ई० के लगभग) श्रेष्ठ रूपककार हैं। इनके तीन रूपक प्रचलित हैं—मालतीमाधव, महावीरचरित ओर उत्तररामचरित। इनमें प्रथम रचना प्रकरण है तथा अन्य दोनों नाटक हैं। दस अकों में निर्मित मालतीमाधव मार्मिक प्रणय कथा को प्रस्तुत करता है। इसका नायक है—विदर्भराज के मन्त्री देवराज का पुत्र माधव और नायिका है—पद्मावती राज्य के मन्त्री भुरिवसु की पुत्री मालती। अनेक विघ्न वाधाओं तथा प्रपंच एवं वचाव के वाद इन दोनों प्रेमियों का विवाह सम्भव हो पाता है। अतः प्रेम और विवाह के वर्णन के कारण इसका प्रधान रस शृंगार है।

महावीरचरित में राम के जीवन की घटनायें—सीता के विवाह से लेकर उनके राज्यभिषेक तक सात अंकों में वर्णित है। सीता स्वयम्बर व सीता का विवाह राम से हो जाने पर क्रुद्ध रावण राम को नष्ट करने के लिये अनेक उपाय करता है, किन्तु विफल रहता है और अन्त मे राम उसका संहार कर सीता के साथ सकुशल अयोध्या लौटते है। युद्धवर्णन की प्रधानता के कारण इसका प्रधान रस वीर है।

उत्तररामचरित सात अंकों का नाटक है। उसमें राम के उत्तर जीवन की कथा वार्णित है। राज्याभिषेक के वाद दूत के मुख से सीता-विषयक प्रवाद को सुनकर सीता के निष्कासन तथा उसके कारण राम की सीता-विरह-जन्य दुस्सह वेदनाओं का वर्णन हैं। अन्त में गर्भांक की योजना के द्वारा सीता और राम का मिलन करा देने से यह नाटक सुखान्त हो गया है।

सीता के विरह के कारण राम के शोक का विस्तृत तथा अत्यन्त प्रभाव-

शाली वर्णन होने से इस नाटक का प्रधान रस करुण है। करुण के वर्णन में

कवि इतने रम जाते हैं कि 'एको, रसः करुण एव" का उद्घोष करते हुए अन्य (शृंगारादि) रसों को उस (करुण) का विवर्त्त कह बैठते हैं। यह नाटक भवभूति की रचनाओं में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ समस्त संस्कृत नाट्य-जगत् में महनीय पद को प्राप्त करता है। इसलिये कहा गया है—

**'उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते'।**

**भट्टनारायण**—भट्टनारायण (अष्टम शती) की एकमात्र रचना 'वेणीसंहार छः अंकों में निबद्ध नाटक है जो महाभारत की कथावस्तु पर आधारित है। 'वेणीसंहार' में, जैसा कि इस ग्रन्थ के नामकरण से ही स्पष्ट है, भीम के द्वारा दुःशासन का वध कर उसके रक्त से द्रौपदी की खुली वेणी (जूंड़ा) के संहार (सँवारे जाने) की घटना वर्णित है। युद्ध प्रधान वर्णन होने से इस नाटक का प्रधान रस वीर है जिसकी पुष्टि करुण, रौद्र तथा भयानक रसों के वर्णन से की गयी है। पण्डितों ने वेणीसंहार को नाटककार के द्वारा नाटकीय सिद्धान्तों को ध्यान में रखकर लिखा गया नाटक बताया है। नाटकीय प्रवाह इसमें विशृंखलित दीख पड़ता है।

**मुरारि**—मुरारि (नवम शती का आरम्भ) ने रामायण से कथावस्तु लेकर 'अनर्घराघव' नाटक की रचना सात अंकों में की है। इसमें तारका वध से लेकर रामराज्याभिषेक तक की घटनायें वर्णित हैं। इस नाटक के बारे में आलोचकों की राय है कि यह रचना एक अच्छा काव्य भले ही हो, नाटक के रूप में सफल नहीं है। इसकी रचना शैली अत्यन्त बोझिल है।

**शक्तिभद्र**—शक्तिभद्र ने रामायण की कथा के आधार पर 'आश्चर्य चूड़ामणि' नामक नाटक का प्रणयन किया है। इसमें शूपर्णखा प्रसंग से लेकर रावणवध तथा सीता के अग्नि-परीक्षण तक की कथा वर्णित है।

**दामोदरमिश्र**—दामोदर मिश्र (नवम शतक) का हनुमन्नाटक अथवा महानाटक संस्कृत का सबसे बड़ा नाटक है। इसमें गद्य का प्रयोग बहुत कम है तथा प्राकृत का अभाव है।

**राजशेखर**---राजशेखर कन्नौज के राजा महेन्द्रपाल (८९३-९००) के गुरु थे। इनकी छः रचनाओं[१] में बालरामायण, बालभारत, कर्पूर मंजरी तथा विद्धशालभंजिका—ये चार रूपक हैं। बालरामायण रामकथा पर आधारित दस अंकों का नाटक है। इसमें रावण की दीनता और पौरुषहीनता को अधिक उभारा गया है। बालभारत के प्राप्त दो अंकों में पाण्डवों की कथा द्यूतक्रीड़ा तक वर्णित है। विद्धशालभंजिका के चार अंकों में राजा विद्याधर तथा लाट देश के नरेशचन्द्र वर्मा की पुत्री मृगाङ्कवती के गुप्त विवाह का वर्णन है। कर्पूरमंजरी प्राकृत भाषा में लिखित एक सट्टक है। इसमें राजकुमारी चन्द्रपाल तथा कुन्तल देश की राजकुमारी कर्पूर मंजरी की प्रणय कथा चित्रित है।

**जयदेव**—जयदेव (१२००) ने राम कथा के आधार पर 'प्रसन्नराघव' की रचना की। इसमें धनुषयज्ञ से लेकर राम के जंगल जाने तथा रावण वध के बाद उनके अयोध्या लौटने तक की घटना वर्णित है। उसमें कतिपय मार्मिक परिवर्तन भी किये गये हैं। प्रसन्नराघव के प्रणेता जयदेव गीत-गोविन्दकार जयदेव से भिन्न व्यक्ति हैं।

**रामचन्द्र दीक्षित**—रामचन्द्र दीक्षित (१७००) का जानकीहरण अत्यन्त रोचक रूपक है। इसमें कृत्रिम राम, लक्ष्मण तथा विश्वामित्र को वास्तविक राम, लक्ष्मण तथा विश्वामित्र के रूप में उपस्थित किया गया है। यह रूपक अपने ढंग का निराला है।

संस्कृत साहित्य में रूपक-निर्माण की परम्परा में नवमी शती के बाद ही ह्रास होने लगा था, फिर भी काव्य-**निर्मा**ण की धारा गतिपूर्ण रही। कुछ न कुछ रूपक लिखे जाते रहे। उनमें कुछ प्रतीक रूपक भी हैं, जिनमें अमूर्त गुणों अथवा भावों को पात्रों के रूप में मंच पर प्रतीक रूप में उपस्थित किया गया है। इस प्रकार के रूपकों में कृष्ण मिश्र (ग्यारहवीं सदी का उत्तरार्द्ध)

---

१. 'विद्धि नः पद प्रबन्धान्

का प्रबोधचन्द्रोदय है। इसके छः अंकों में मोह, काम, क्रोध, लोभ, दम्भ और अहंकार का संघर्ष विवेक, सन्तोष, शान्ति, करुणा, मैत्री, भक्ति, क्षमा आदि के साथ दिखाया गया है। इसका प्रमुख रस शान्त है।

इस नाटक के अनुकरण पर अनेक रचनायें हुई जिनमें गोकुलनाथ का 'अमृतोदय' एवं कविकर्णपूर के 'चैतन्यचन्द्रोदय' का उल्लेखनीय महत्त्व है।

संस्कृत में कुछ छायारूपक भी मिलते हैं, उनमें सुभट (तेरहवीं सदी) विरचित 'दूताङ्गद' तथा व्यास रामदेव (पन्द्रदवी शती) द्वारा रचित 'सुभद्रा परिणय' एवं 'रामाभ्युदय' आदि हैं।

इसके वाद भी रूपकों की रचना होती रही जिनकी संख्या अगणित है। उनमें वामनभट्ट बाण (चौदहवी सदी) का पार्वतीपरिणय कविशेखर का धूर्त समागम, रूप गोस्वामी (सोलहवीं सदी) के ललितमाधव तथा विदग्धमाधव आदि विशेष उल्लेखनीय हैं।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भी संस्कृत में रूपकों के निर्माण का क्रम जारी है। उस शृंखला की एक छोटी सी कड़ी है, प्रस्तुत रूपक—'अद्भुतपाणि-ग्रहणम्'।

इस रूपक की कथावस्तु कल्पित है तथा आधुनिक सामाजिक सन्दर्भ से सम्बद्ध हैं। आज की सामाजिक ओर वैचारिक स्थिति का चित्रण करना तथा समाज में व्याप्त कुण्ठा एवं रूढ़िवादिता को रूपायित कर उस पर प्रहार करना इस ग्रन्थ का विषय (लक्ष्य) है।

इस नाटक की कथावस्तु इस प्रकार है—

## प्रथम अङ्क

